कार्यालय- अधिष्ठाता छात्र कल्याण

चन्द्र शेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, कानपुर

पत्रांकः सीएसयूडब्लू- 958/2025 दिनांकः02, जनवरी, 2025

कार्यालय ज्ञाप

विश्वविद्यालय में अध्ययनरत समस्त छात्र-छात्राओं को सूचित किया जाता हैं, कि प्रयागराज में आयोजित महाकुम्भ मेले में सक्षम द्वारा नेत्र महाकुम्भ 2025 का आयोजन किया गया हैं, उक्त कार्यक्रम में 07-07 दिन के लिए सेवा कार्य किये जाने हेतु इच्छुक छात्र-छात्राएँ अपना नाम, आई0डी0संख्या तथा मोबाइल नम्बर डॉ0 अर्चना सिंह, एन0एस0एस0 समन्वयक को दिनांक 10 जनवरी, 2025 अपरान्ह 05:00 बजे तक उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। एन0एस0एस0 समन्वयक छात्र-छात्राओं को सक्षम द्वारा आयोजित नेत्र महाकुम्भ 2025 में भेजे जाने हेतु अग्रिम कार्यवाही करेगी। अधिक जानकारी हेतु विभाग प्रमुख (सक्षम) ऋषभ बाजपेयी द्वारा मा0 कुलपति महोदय को प्रस्तुत पत्र दिनांक 21.12.2024 संलग्न हैं।

(मुनीश कुमार)
अधिष्ठाता छात्र कल्याण

पत्रांक एवं दिनांक उपरोक्त।

प्रतिलिपिः- निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. अधिष्ठाता- कृषि, वानिकी, उद्यान एवं गृह विज्ञान।
2. कुलसचिव। अधिष्ठाता
3. नोटिस बोर्ड, समस्त छात्रावास।
4. सुरक्षा अधिकारी।
5. प्रभारी, ए0के0एम0यू0 को विश्वविद्यालय वेबसाइट पर अपलोड किये जाने हेतु।
6. कुलपति के तकनीकी सचिव को मा0 कुलपति महोदय के संज्ञानार्थ।

(मुनीश कुमार)
अधिष्ठाता, छात्र कल्याण

V.C. No. 1390
Date 21/12/24
C.S. AZAD UNIVERSITY OF AGRI. & TECHNOLOGY ★ KANPUR ★

सेवा में,

श्रीमान कुलपति महोदय,
चन्द्रशेखर आज़ाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय,
कानपुर उत्तर प्रदेश ।

विषय - नेत्र कुंभ 2025 के सफल संचालन हेतु स्वप्रेरित कार्यकर्ताओं से योगदान के संदर्भ में प्रेषित आग्रह पत्र।

महोदय,

सादर अवगत कराना हैं कि सक्षम (समदृष्टि क्षमता विकास एवं अनुसंधान मंडल) राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का आनुषांगिक संगठन है जो दिव्यांग जनों के हितार्थ संपूर्ण भारतवर्ष में कार्यरत हैं जो दिव्यांगों को शिक्षा, स्वास्थ एवं स्वावलंबन (रोजगार) के माध्यम से समाज की मुख्य धारा में जोड़ने का अविराम, अविरल कार्य कर रहा है ।

संपूर्ण भारत में अनेकों नागरिकों की नेत्र संबंधी संपूर्ण समस्याओं के निवारण हेतु संगठन समय-समय पर अपने स्तर से नेत्र परीक्षण एवं चश्मा वितरण शिविर का आयोजन करता रहता है । इसी क्रम में सक्षम महाकुंभ मेले में नेत्र कुंभ का आयोजन कर लाखों नागरिकों का निःशुल्क नेत्र उपचार और निकट भविष्य में नेत्र दिव्यांगता के प्रति समाज को जागरूक करने का प्रयास कर रहा है।

2019 प्रयागराज कुंभ मेले में संगठन के 360 डॉक्टर की कुशल मेडिकल टीम के द्वारा 45 दिवसीय अवधि में संपूर्ण भारतवर्ष से आए 3 लाख से अधिक तीर्थर्थियों का नेत्र परीक्षण कर 2.43 लाख तीर्थयार्थियों को तत्काल चश्मा वितरण कर उपचार के दौरान अंधत्त मुक्त भारत की संकल्पना के उद्देश्य को लेकर हमारे समाज के हजारों सेवाभावी कार्यकर्ता बंधु महिलाओं आदि विशेषकर युवा छात्र-छात्राओं ने परमार्थ भाव से रोगियों की सेवा कर अपने सामाजिक कर्तव्यों की पूर्ति की थी।

प्रयागराज में आयोजित महाकुंभ मेले में 1 जनवरी से 2025 से 26 फरवरी 2025 तक सक्षम द्वारा नेत्र महाकुंभ 2025 का आयोजन किया जा रहा है ।सेवा कार्य के लिए समयावधि को 7–7 दिवसीय के 11 चक्र में विभक्त किया गया है जिसकी क्रमबद्धता निम्नलिखित है –

01 जनवरी से 07 जनवरी, 06 जनवरी से 12 जनवरी, 11 जनवरी से 17 जनवरी,
16 जनवरी से 22 जनवरी, 21 जनवरी से 27 जनवरी, 26 जनवरी से 1 फरवरी,
31 जनवरी से 06 फरवरी

जहां पर सभी सेवाभावी बंधुओं के रहने, खाने-पीने की उत्कृष्ट व्यवस्था एवं एक प्रशस्ति पत्र सक्षम परिवार की ओर से की जाएगी | हमारे राष्ट्र के युवा अत्यंत सेवा भावी व ऊर्जावान है सेवाकार्य में युवाओं की भूमिका सराहनीय होती है आपके माध्यम से छात्रों की भूमिका वालिंटियर के रुप में सहयोग प्रदान कर सकती है | आपसे अनुरोध है कि प्रत्येक चक्र में 40 वालिंटियर उपलब्ध कराने में आपका सहयोग आपेक्षित हैं ।

सादर
ऋषभ बाजपेयी
विभाग प्रमुख (सक्षम)
6388236067

दिनांक – 21/12/2024

NO1543/ DT-21/12/2024

Rishabh Bajpai
21/12/2024

Pl discuss
21/12/24

Vice Chancellor
C.S. Azad University Of
Agriculture & Technology
KANPUR

Discussed on 01/1/2025
at. 4.50 pm.
01/1/2025